# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 08.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

**मंत्रिमंडल**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज प्रदेश मंत्रीमण्डल की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में केन्द्रीय बजट में राजस्व घाटा अनुदान बंद होने, हिमाचल प्रदेश में चल रहे जल विद्युत प्रोजेक्ट्स से लैंड रेवेन्यू टैक्स लेने पर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। इसके अलावा प्रदेश में विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने के निर्णय सहित कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले बैठक में लिए जा सकते हैं। इस बीच कैबिनेट मीटिंग के बाद सरकार विपक्ष के विधायकों और पत्रकारों को हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर प्रेजेंटेशन देगी और RDG बंद होने का प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा इसकी विस्तृत जानकारी साझा करेगी।

***केंद्रीय बजट में राजस्व घाटा अनुदान (RDG)बंद होने को लेकर हिमाचल प्रदेश में सियासी बयानबाजी का दौर जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार ने आज कैबिनेट की एक अहम बैठक बुलाई है। जिसमे RDG के मुद्दे को लेकर चर्चा होगी और आगामी रणनीति तैयार की जायेगी। RDG बंद होने से हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर गहरा असर होगा जिसे देखते कैबिनेट कड़े निर्णय ले सकती है। कैबिनेट मीटिंग में हिमाचल प्रदेश में चल रहे जल विद्युत प्रोजेक्ट्स से लैंड रेवेन्यू टैक्स लगाने पर फैसला होगा। इसके अलावा कैबिनेट में राज्यपाल के अभिभाषण को मंजूरी दी जाएगी और रिक्त पदों को भरने का निर्णय होगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद सरकार विपक्ष के विधायकों और पत्रकारों को हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर प्रेजेंटेशन देगी और RDG बंद होने का अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा इसकी विस्तृत जानकारी सांझा करेगी।***

**विधानसभा**

प्रदेश की 14वीं विधानसभा का 11वां बजट सत्र 16 फरवरी से शिमला में आयोजित किया जाएगा। ये सत्र राज्यपाल के अभिभाषण के साथ दोपहर दो बजे से आरंभ होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल शिमला में बताया कि सत्र के आयोजन को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद शोकोदगार और विधायी कार्य शुरू होंगे।

केन्द्रीय मंत्री

केन्द्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज शिमला दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे शिमला में केन्द्रीय बजट पर पत्रकार सम्मेलन ओर संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस संवाद में बजट के प्रमुख प्रावधानों, पर्यटन, संस्कृति, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोज़गार सृजन से जुड़े विषय रखे जाएंगे। प्रदेश भाजपा महासचिव संजीव कटवाल ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री का ये दौरा सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन विकास और विकसित भारत के विजन को लेकर महत्वपूर्ण रहेगा।

## शिखर सम्मेलन

दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला **भारत एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन** वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संबंधी चर्चाओं को वास्तविक परिणामों में बदलने पर केंद्रित होगा। इससे नागरिकों विशेष रूप से विकासशील देशों और ग्लोबल साउथ के नागरिकों को लाभ होगा। डिजिटल इंडिया हमारे विशेषज्ञों से पूछें विषय पर इंडिया ए.आई मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सिंह ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन तकनीकी विमर्श से आगे बढ़कर जन–केंद्रित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## भर्ती परीक्षा

हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम–2025 कल 9 फरवरी से प्रभावी हो जाएगा। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के उददेश्य से लागू होने वाले इस अधिनियम से अब परीक्षाओं में नकल, प्रश्नपत्र लीक, फर्जीवाड़ा और संगठित परीक्षा अपराधों पर कानूनी शिकंजा कसा जा सकेगा। इसके अंतर्गत भर्ती परीक्षा में नकल करने और करवाने वालों को कम से कम पांच साल और अधिकतम दस साल की कैद और एक करोड़ रूपये का जुर्माना होगा। इस अपराध को गैर जमानती और संज्ञेय बनाया गया है। अन्य संलिप्त व्यक्ति के लिए कम से कम 3 साल और अधिकतम 5 साल का प्रावधान किया गया है और जुर्माना 10 लाख रूपये होगा। परीक्षा आयोजित करने वाली एजैंसियों और कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय की गई है। उल्लेखनीय है कि ये अधिनियम वर्ष 2025 में विधानसभा से पारित किया गया था।

## पुल क्षतिग्रस्त

चम्बा जिला की दो महत्वपूर्ण डलहौजी और चुराह विधानसभा क्षेत्र को आपस में जोड़ने वाला कोटी पुल इन दिनों यातायात के लिए खतरा बना हुआ है। ये पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कगार पर पहुंच चुका है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह पुल किसी जोखिम से कम नहीं है। रात के समय वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोटी पुल की हालत दिन–प्रतिदिन खराब होती जा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस पुल का जल्द से जल्द जीर्णोद्धार किया जाए ताकि भविष्य में किसी बड़े नुकसान से बचा जा सके।

**नमस्कार।**